आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 12.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने एक सप्ताह में प्रदेश के सभी प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए।
- रुद्रप्रयाग जिले में गुलदार और भालू की बढ़ती गतिविधियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में।
- चम्पावत नगर पालिका ने खराब वस्तुओं से तैयार किया वेस्ट टु वंडर पार्क। पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा।
- उत्तरकाशी की जोशियाड़ा झील में पर्यटन विभाग की ओर से युवाओं का राफ्टिंग प्रशिक्षण शुरू।

कानून—व्यवस्था

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय में आयोजित राज्यव्यापी उच्चस्तरीय बैठक में अग्नि सुरक्षा और कानून—व्यवस्था की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल और कुमाऊं रेंज तथा सभी जिलों और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक से जुड़े। गोवा में हाल ही में हुए अग्निकांड को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिदेशक ने एक सप्ताह में प्रदेश के सभी प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन उपकरण और फायर हाइड्रेंट की कार्यक्षमता जांचने, आपातकालीन निकास चिह्नित करने और स्टाफ को प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने शीतकालीन चारधाम यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक ने गंभीर अपराधों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी, पैरोल पर रिहा बंदियों की समय पर वापसी, अवैध संपत्ति की जब्ती और विशेष अभियानों को तेजी से आगे बढ़ाने को कहा। साथ ही पुलिस कर्मियों की विभागीय पदोन्नति समयबद्ध रूप से पूरी करने और पेशेवर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर तथा संबंधित एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए।

मानव—वन्यजीव संघर्ष

रुद्रप्रयाग जिले में गुलदार और भालू की बढ़ती गतिविधियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने मानव—वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए 50 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की है और वन विभाग को थर्मल ड्रोन, ट्रैंकुलाइज़र गन, आधुनिक पिंजरे और अन्य उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इन उपकरणों से संवेदनशील क्षेत्रों में रियल—टाइम निगरानी और आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी।

प्रशासन ने ग्रामीणों में जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू कर दिए हैं। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने बताया कि अब थर्मल ड्रोन और अन्य आधुनिक तकनीक की मदद से जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नजर रखकर मानव—वन्यजीव संघर्ष को रोकने में मदद मिलेगी।

स्वामी पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के प्रथम मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी की पुण्यतिथि पर आज उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नित्यानंद स्वामी जी का संपूर्ण जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। उनके नेतृत्व में नवगठित राज्य के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत आधार मिला। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

आईएमए कैडेट्स

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से लोक भवन में भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट हो रहे 18 जेंटलमैन कैडेट्स ने शिष्टाचार भेंट की। पास आउट होने के बाद ये सभी कैडेट्स असम रेजीमेंट में अपनी सेवाएं देंगे। इन कैडेट्स में से तीन ने पंजाब के सैनिक स्कूल कपूरथला से शिक्षा प्राप्त की है। इस अवसर पर राज्यपाल ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी सैनिक स्कूल कपूरथला से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है और भारतीय सेना में अपनी गौरवशाली सेवाएँ असम रेजीमेंट में दी हैं। राज्यपाल ने कैडेट्स से कहा कि उनके कार्यों में उच्च स्तर की पेशेवर क्षमता झलकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिष्ठा को सदैव उत्तम बनाए रखें, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और दीर्घकालिक लक्ष्यों को दृष्टि में रखकर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। राज्यपाल ने भविष्य के लिए सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भारतीय सेना की परंपराओं, गौरव और मूल्यों का उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व करेंगे।

वेस्ट टू वंडर पार्क

चम्पावत नगर पालिका ने पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और सतत विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की है। नगर पालिका परिसर में वेस्ट टू वंडर अवधारणा के तहत पुराने वाहनों के पुर्ज़ों, स्क्रैप धातु, प्लास्टिक बोतलों, रबर टायर, टिन शीट और लोहे के ढांचों जैसी अनुपयोगी वस्तुओं का वैज्ञानिक उपयोग करते हुए एक आकर्षक पार्क विकसित किया गया है। पार्क में अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित प्रतिकृतियां और थीम—आधारित संरचनाएं तैयार की गई हैं। यह मॉडल ''रिड्यूस—रियूज़—रिसाइकल'' के सिद्धांत पर आधारित है, जो पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि कूड़े के प्रति जनमानस में समझ विकसित करने और बेकार पड़ी वस्तुओं के वापस उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस थीम पार्क का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में भविष्य में इस तरह के बड़े पार्कों का निर्माण कर एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा।

राफ्टिंग प्रशिक्षण

उत्तरकाशी जिले की जोशियाड़ा झील में पर्यटन विभाग की ओर से युवाओं का राफ्टिंग प्रशिक्षण शुरु हो गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रतिभागियों को मनेरी भाली बांध द्वितीय पर नाव संचालन, आपदा से निपटने और राफ्टिंग का अभ्यास करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद युवा स्थानीय स्तर पर राफ्टिंग गाइड के रूप में कार्य कर सकेंगे। इससे न केवल उन्हें रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, प्रशिक्षण को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

वीआईपी घाट

उत्तराखंड सिंचाई विभाग हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले से पहले नया वीआईपी घाट बनाने की योजना पर काम कर रहा है। मेला प्रशासन की ओर से इसके लिए विभाग को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट  तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा वीआईपी घाट पर उत्तर प्रदेश सरकार का मालिकाना हक है। स्नान पर्वों और खास मौकों पर ज्यादा भीड़भाड़ हो जाने से वीआईपी घाट पर व्यवस्थाएं कम पड़ जाती हैं। इसलिए उत्तराखंड सिंचाई विभाग अपना वीआईपी घाट बनाने की योजना पर काम कर रहा है। मेला अधिकारी सोनिका ने बताया कि धनुष पुल और सीसीआर के पास घाट को विकसित कर नया वीआईपी घाट बनाया जाएगा। इसे सीसीआर के पास अंडर पास से होते हुए दीनदयाल पार्किंग और आस्था पथ से होते हुए चंडीपुल से जोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि कुंभ आदि बड़े स्नान पर्वों पर अनेक वीआईपी भी गंगा स्नान के लिए आते हैं। जिनके लिए प्रशासन को हरकी पैड़ी के सामने स्थित वीआईपी घाट पर स्नान की व्यवस्था करनी पड़ती है। ऐसे में एक और वीआईपी घाट बनने से कुंभ मेले में श्रद्धालुओं के स्नान की सुविधा बढ़ेगी।

पुलिस गोष्ठी

टिहरी गढ़वाल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने डिजिटल वॉलेंटियरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, बाल अपराध और सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर गोष्ठी आयोजित की। उन्होंने डिजिटल वॉलेंटियरों को आमजन तक साइबर सुरक्षा की सही जानकारी पहुँचाने और सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। गोष्ठी में ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ ऑनलाइन उत्पीड़न तथा गलत या भ्रामक पोस्टिंग पर कानूनी कार्रवाई सहित जरूरी सावधानियों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर 18 डिजिटल वॉलेंटियरों ने भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए।